पार लगाता मेरा श्याम | By :Dinesh Dev Rajasthani

श्याम धणी तेरे दर पे आके मिलता है आराम
पार लगाता मेरा खाटू वाला श्याम
बिगड़ी बनाता मेरा खाटू वाला श्याम
पार लगाता मेरा खाटू वाला श्याम

श्याम धणी के होते हुए क्यूँ अब मैं घबराऊँ
जब है नैया थामने वाला फिर मैं क्यूँ रुक जाऊं
भव सागर से पार लगाता नैया लेता थाम
पार लगाता मेरा खाटू वाला श्याम
बिगड़ी बनाता मेरा खाटू वाला श्याम
पार लगाता मेरा खाटू वाला श्याम

मेरे बाबा तूने मेरी जीवन नाव संभाली
कभी जो नैया डगमग डोली तूने लाज बचाली
तेरी किरपा पूरी मुझपे बन गए बिगड़े काम
पार लगाता मेरा खाटू वाला श्याम
बिगड़ी बनाता मेरा खाटू वाला श्याम
पार लगाता मेरा खाटू वाला श्याम

श्याम प्रभु तेरे दर पे आया मैं हूँ एक भिखारी
तू है दाता देने वाला जाने दुनिया सारी
देव दिनेश की विनती सुनलो काटो कष्ट तमाम
पार लगाता मेरा खाटू वाला श्याम
बिगड़ी बनाता मेरा खाटू वाला श्याम
पार लगाता मेरा खाटू वाला श्याम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%aa%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-dinesh-dev-rajasthani/